# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

# रक्तदान शिविर – 2025

## ‘रक्तदान एक फर्ज़ है, यही हम सब का धर्म है।’

रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इसी भावना से ओतप्रोत होकर 10 अगस्त, 2025 को डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी चेन्नई में रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट (RCME) और वी. हेच. एस. ( V.H.S.) थरमनी, चेन्नई के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ‘श्रावणी पर्व और वेद प्रचार सप्ताह’ की स्मृति में आयोजित किया गया, जो सामुदायिक आचरण के लिए सामाजिक पहलों को समर्पित एक सप्ताह का कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य समुदाय के साथ जुड़ना और ज़रूरतमंद मरीज़ों की मदद करना, भ्रांतियों को दूर करना और सामुदायिक भागीदारी और स्वैच्छिकता को प्रोत्साहित करना था। श्री पी. मणिमारन, एम.ए., एम.सी., काउंसलर, वार्ड 177, वेलचरी और कोषाध्यक्ष, ग्रेटर चेन्नई निगम के द्वारा रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और सभी स्वयंसेवकों और दाताओं की पहल और परोपकारिता की सराहना की। रोटेरियन, डॉ. संध्या अरुणकुमार, निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, आर.सी.एम.ई. और रक्तदान अध्यक्ष श्री साईराम रामसामी ने कार्यक्रम की देखरेख की और ‘रेड लाइफ़लाइन’ दान करने में अग्रणी भूमिका निभाई। विद्यालय के अभिभावक एवं स्टाफ, पूर्व विद्यार्थीवृंद, रोटरी क्लब के सदस्य विद्यालय में रविवार की सुबह एकत्र हुए, ताकि वे भी इस सामाजिक पहल का हिस्सा बन सकें। कैंप के लिए 75 से अधिक दाताओं ने पंजीकरण कराया और 55 दाताओं को रक्तदान के लिए योग्य माना गया। कुछ संभावित दाताओं को कम हीमोग्लोबिन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान कुल 55 यूनिट (450 और 350 मिलीलीटर) रक्त एकत्र किया गया।

वी.एच.एस. की स्वास्थ्य देखभाल टीम ने दाताओं को रक्तदान के महत्त्व, दान प्रक्रिया और दान के बाद देखभाल के बारे में जानकारी दी। अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में रक्तदान शिविर सफल रहा, जिसमें एक अद्भुत संख्या में रक्त यूनिट इकट्ठा की गई और समुदाय से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। एक अभिभावक ने कहा, ‘‘हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के साथ एक बार फिर से जुड़कर खुश हैं।‘‘ एक पूर्व विद्यार्थी ने जोड़ा, ‘‘हम यह जानकर आश्चर्यचकित हैं कि हमारा विद्यालय इस सामुदायिक प्रक्रिया से जुड़कर समुदाय की सहायता कर रहा है। वी. हेच. एस. का चिकित्सा स्टाफ शिविर में मिली प्रतिक्रिया से अभिभूत था। इस कार्यक्रम ने न केवल आवश्यक रक्त इकट्ठा करने में मदद की, बल्कि रक्तदान के महत्त्व के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई। मेज़बान विद्यालय और वी. हेच. एस. रक्त बैंक द्वारा जलपान का आयोजन किया गया और सभी दाताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। रक्तदान को बढ़ावा देने और स्वयंसेवीकरण की संस्कृति बनाने के लिए आर.सी.एम.ई. और वी.एच.एस. के साथ सामुदायिक भागीदारी का यह अद्भुत मेल वास्तव में बड़ा ही अनूठा एवं प्रेरणादायक रहा।

रक्तदान की इस श्रृंखला को हम आगे बढ़ाते जाएँगे।

युगों-युगों तक आर्य समाज की इस धारा को निरंतर निभाते जाएँगे।।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42
## रक्तदान शिविर – 2025



रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि




श्री साईराम रामसामी, अध्यक्ष द्वारा रक्तदान



सामुदायिक भागीदारी का प्रस्तुतीकरण




रक्तदान उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्ति